# सुनो श्याम सुन्दर | by Poonam Parwana

सुनो श्याम सुन्दर तेरी कृपा है
जो भी माँगा तुमने दिया है

मैं दुखियारी दर तेरे आई
तूने तो बाबा मेरी किस्मत सँवारी
दुनिया में तेरे जैसा दानी नहीं है
जो भी माँगा तुमने दिया है
जो भी माँगा बाबा तुमने दिया है

हार चुकी थी मैं तो इस संसार से
आवाज़ आई एक धीमी सी कान में
बोले मेरे मोहन हारना नहीं है
हारे का सहारा बाबा श्याम यही है

अगर तूने हिम्मत मुझे दी ना होती
ना जाने कहाँ बाबा भटक रही होती
एहसान तुमने बाबा पूनम पे किया है
जो भी माँगा तुमने दिया है
जो भी माँगा बाबा तुमने दिया है
सुनो श्याम सुन्दर --------------

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%b0-by-poonam-parwana/